हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 28 दिसंबर 2025
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक व करियर उन्मुख...



07 नजर कमजोर बच्चों को विटामिन ए आवश्यक...



## खबर संक्षेप

### 25 लाख 93 हजार मीट्रिक टन से अधिक हुई धान खरीदी

**सीहोर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक 4 लाख 9 हजार 545 किसानों से 25 लाख 93 हजार 971 मीट्रिक टन धान की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा चुकी है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 रूपये प्रति क्विंटल है। धान की खरीदी 20 जनवरी 2026 तक की जायेगी। किसानों को 3529 करोड़ रूपये से अधिक राशि का भुगतान भी किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि धान विक्रय के लिये 8 लाख 59 हजार 916 किसानों ने पंजीयन कराया है।

### प्रियांशी जोशी ने जीता द्वितीय पुरस्कार



**सीहोर।** राष्ट्रीय गणित दिवस 2025 के अवसर पर मध्य प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी (एलएनसीटी), भोपाल में प्रतिस्पर्धा आयोजित आयोजित हुई। जिसमें सीहोर नगर एसआर बिहार निवासी संजय कुमार जोशी की सुपुत्री प्रियांशी जोशी ने एआई और मशीन लर्निंग पर आधारित सर्वश्रेष्ठ परियोजना में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त शहर व परिजनों को गौरवान्वित किया है।

## हरियाली पर चली कुल्हाड़ी : कमानी वाले श्मशान घाट परिसर में लहलहा रहे करीब सौ पेड़ों को किया जमींदोज

# मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत 1 करोड़ की लागत से किया जा रहा है श्मशान का सौंदर्यीकरण

### समिति ने 6 वर्ष तक टेंकरो से पानी डालकर पौधों को बड़े किए, ठेकेदार ने रातोंरात जेसीबी से उखाड़ दिए



**सीहोर।** श्मशान घाट परिसर में लहलरा रहे हरे भरे पेड़ों को जेसीबी मशीन से नष्ट कर इस तरह कटवा कर टुकड़े कर दिए



**इछावर।** श्मशान घाट परिसर में समिति अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा द्वारा इस तरह गर्मी में पौधे में पानी देकर अपने बच्चों की तरह देखरेख कर बड़े, बड़े पेड़ बनाएं थे लेकिन देकेदार द्वारा जेसीबी मशीन से नष्ट कर दिया।



**इछावर।** कमानी श्मशान घाट परिसर में लहलरा रहे हरे भरे पेड़ों पर इस तरह जेसीबी मशीन से नष्ट किया गया है।



**इछावर।** कमानी श्मशान घाट परिसर में लहलरा रहे हरे भरे बड़े पेड़ों पर भी इस तरह जेसीबी मशीन से नष्ट कर दिया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

श्मसान घाट को हरा-भरा बनाने के लिए समिति ने 6 वर्ष पहले परिसर 150 से अधिक पौधे रोपे थे। समिति सदस्यों द्वारा इन पौधों की उचित देखभाल करने के साथ ही इन्हें जिंदा रखने के लिए इनमें टेंकरो से पानी डाला गया था। मेहनत रंग लाई और यह पौधें 8-10 फीट लंबे हो गये , जबकि कुछ पेड़ बन चुकें थे । लेकिन पिछले दिनों ठेकेदार ने रातोंरात जेसीबी से इन पेड़, पौधों को उखाड़ कर जमींदोज कर दिए। हरे-भरे पेड़ों को नष्ट करने से समिति के लोगों में गहरा आक्रोश है, उन्होंने प्रशासन से ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

नगर के कमानी वाले शमसान घाट का मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के अंतर्गत करीब एक करोड़ की लागत से सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। बाउंड्री वॉल निर्माण , ब्लांक पेवर, पानी की टंकी निर्माण आदि कार्य प्रस्तावित है। इसके लिए ठेकेदार ने शमशान परिसर में लहलहा रहे कदम , सीसम , सागोन , महुआ , बरगद , सप्तपर्णी आदि प्रजाति के सौ से अधिक पेड़ , पौधों को जेसीबी से उखाड़ दिए। हरे-भरे पेड़, पौधों को बर्बाद करने से शमशान विकास समिति के लोगों में आक्रोश है। उन्होंने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग प्रशासन से की है। समिति के सदस्यों ने बताया कि शमशान को हरा-भरा बनाने के लिए वह परिसर में पिछले 6 वर्षों से लगातार पौधरोपण कर रहे है। इन पौधों की उचित देखभाल और सुरक्षा के इंतजाम के साथ ही गर्मी के मौसम में टैंकरों से पानी खरीदकर इनमें डाला गया। नतीजा अधिकांश पौधे 8-10 फीट लंबे हो गये जबकि कई पेड़ बनकर लहलहा रहे थे। लेकिन पिछले दिन ठेकेदार ने बिना अनुमति के रातोंरात जेसीबी मशीन चलाकर इन्हें जमींदोज कर दिए हैं। सौ से अधिक हरे-भरे पेड़ पौधों को उखाड़कर फेंक दिया गया है। समिति ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### सौंदर्यीकरण के काम की गुणवत्ता भी सवालों के घेरे में

शमशान विकास समिति अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि शमशान को हरा-भरा और आकर्षक बनाने के लिए वर्षा से मेहनत की जा रही थी। यही कारण है कि परिसर में डेढ़ सौ के लगभग पेड़ बन चुकें थे, लेकिन ठेकेदार ने बिना अनुमति के रातोंरात इनको उखाड़ दिए। जबकि ठेकेदार द्वारा जो सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है, उसमें पार्दर्शिता और गुणवत्ता का अभाव है। निर्माण कार्य बेहद घटिया और निम्न स्तर का है।

### जांच की जाएगी

उक्त मामला संज्ञान में आया है। ठेकेदार को पेड़ धराशाई करने की कोई अनुमति नही दी गई है इसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**धर्मराज यादव,** सीएमओ नप इछावर

## कड़कड़ाती ठंड में गोसेवक कर रहे गोवंश की सेवा



**नलखेड़ा।** एक ओर गोवंश को एक रोटी खिलाकर अपनी गोसेवा का ढिंढोरा पिटते कई फोटो वायरल होते हैं, दूसरी ओर कड़कड़ाती ठंड में बगैर किसी प्रचार प्रसार के गोसेवा व घायल गोवंशों का उपचार कर गोसेवा की एक नजीर प्रस्तुत कर रहे हैं गोसेवक। नगर में ऐसे कई गोसेवकों की टोलियां हैं जो दिनभर अपने परिवार के भरण पोषण के लिए रोजी रोटी कमाने का कार्य करते हैं और शाम होते ही बगैर किसी प्रचार प्रसार के गोवंशों की सेवा में लग जाते हैं। गोसेवक युवाओं की यह टोली जहां गोवंश के लिए भूसे चारे की व्यवस्था करती है वहीं इस कड़कड़ाती ठंड में उनके लिए गुड़ तेल की भी व्यवस्था करती रहती है। इसके साथ ही युवाओं की यह टोली अपने साथ एक बैग भी रखती है जिसमें घायल गोवंशों के प्राथमिक उपचार के लिए आवश्यक सामग्री होती है। प्रतिदिन नगर में घूम कर ये गोसेवक सड़कों पर घूमती लावारिस गोवंशों में से कोई घायल या बीमार दिखाई देने पर तत्काल उनका प्राथमिक उपचार भी कर देते हैं साथ ही स्थिति गंभीर होने पर मौके पर उपलब्ध पशु चिकित्सक को भी बुलवा लेते हैं। शुक्रवार को रात्रि लगभग 10 बजे जब कड़कड़ाती ठंड में बाजार सुनसान हो गया था गोसेवकों की इस टोली को स्थानीय चौक बाजार में एक गोवंश घायल अवस्था में दिखाई दी। जिसके एक पैर में से खून बह रहा था। गोसेवकों द्वारा तत्काल उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

## 'धर्म और न्याय के लिए लड़ना व बलिदान देना एक महान कार्य है'

भाजपा ने मनाया वीर बाल दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शुक्रवार को स्थानीय रेन बसेरा परिसर में भाजपा द्वारा वीर बाल दिवस मनाया गया। वीरों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा ने धर्म पर अडिग रहने वाले और प्रेरणा स्त्रोत गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के बारे में बताया।

गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों का समर्पण और बलिदान एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जो हम सभी को सिखाता है कि धर्म और न्याय के लिए लड़ना और बलिदान देना एक महान कार्य है। उन्होंने कहा कि देश धर्म के लिए बलिदान हुए गुरू गोविंदसिंह के चारों बेटे अजितसिंह, जूझारसिंह जोरावरसिंह व फतेहसिंह का बलिदान हमारे लिए प्रेरणादायक है।

इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री पवन वेदिया मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## होमवर्क न करने पर उतारे कपड़े, प्राचार्य सहित तीन पर कार्रवाई, एक लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम जताखेड़ा स्थित एक प्राइवेट स्कूल के शिक्षकों ने अमानवीयता की हदों को पार करते हुए शिक्षक पद को कलंकित कर दिया। होमवर्क नहीं करने वाले छात्रों को हाड़कंपा देने वाली ठंड में अर्धनग्न होने के लिए मजबूर किया। इसकी जानकारी अभिभावकों को मिली तो उन्होंने शुक्रवार को बजरंग दल व अन्य सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं के साथ जाकर स्कूल में जमकर हंगामा किया। आनन- फानन में जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल प्राचार्य और चालक को हटाने के आदेश जारी करते हुए संस्था पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

शुक्रवार का दिन स्कूल प्रबंधन के लिए भारी उथल-पुथल लेकर आया। जैसे ही अभिभावकों ने अपने जिगर के टुकड़ों की वह वायरल तस्वीरें देखीं, उनका धैर्य जवाब दे गया। आक्रोशित अभिभावक और बजरंग दल के कार्यकर्ता जब स्कूल पहुंचे, तो वहां का माहौल तनावपूर्ण हो गया। अपने बच्चों की दुर्दशा देखकर परिजनों का गुस्सा सातवें आसमान पर था। उन्होंने स्कूल में जमकर हंगामा किया, जो एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए थाना मंडी से भारी पुलिस बल, तहसीलदार और अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। प्रशासन की मौजूदगी में अभिभावकों की आंखों में गुस्सा और नमी एक साथ तैर रही थी।

बजरंग दल नेता जगदीश कुशवाह और अभिभावकों के सामने जब कक्षा सातवीं के बच्चों ने अपनी जुबान खोली, तो रोंगटे खड़े कर देने वाली हकीकत सामने आई। बच्चों ने सिसकते हुए बताया कि यह प्रताड़ना केवल एक दिन की नहीं थी। नवंबर माह से ही उन्हें कपड़े उतारने की सजा दी जा रही थी। जुल्म यहीं नहीं रुका, बच्चों ने बताया कि ड्राइवर द्वारा उनसे ग्राउंड में पत्थर बिनवाए जाते थे और गार्ड द्वारा तेल लगवाया जाता था। प्रोजेक्ट में नंबर न देने की धमकी और मारपीट के डर से ये नन्हे बच्चे अब तक खामोश थे। उनकी खामोशी के पीछे छिपा वह डर, जिसे स्कूल प्रबंधन ने पैदा किया था, अब सबके सामने आ चुका था।

इस पूरे घटनाक्रम में एक और पहलू सामने आया जिसने लोगों की धार्मिक भावनाओं को गहरा आघात पहुंचाया। बच्चों ने बताया कि स्कूल में उन्हें तिलक लगाने और कलाई पर कलावा बांधने से भी रोका जाता था। अपनी ही संस्कृति और धर्म के प्रति इस तरह के भेदभाव को जानकर वहां मौजूद लोगों का आक्रोश और भड़क गया। इसके विरोध में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं और अभिभावकों ने स्कूल के गेट के सामने बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया।

### गुनाहगारों पर गिरी गाज मिला न्याय

मासूमों की चीखें और अभिभावकों का संघर्ष आखिरकार रंग लाया। जिला शिक्षा अधिकारी एसएस तोमर ने मामले की तत्काल जांच की, जिसमें बच्चों द्वारा लगाए गए सभी आरोप सत्य पाए गए। प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए सेंट मार्टिन स्कूल पर एक लाख रुपए का भारी जुर्माना लगाया, जिसे सात दिनों के भीतर भरने का आदेश दिया गया। इसके अलावा, अमानवीय कृत्य की मुख्य आरोपी प्राचार्य समरीन खान, शिक्षक अमरसिंह वर्मा और ड्राइवर सिबु जाफरी को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने के आदेश जारी किए गए।

## कलेक्टर ने वन ग्रामों का निरीक्षण कर देखी संपरिवर्तन की कार्यवाही

# वन ग्रामों का संपरिवर्तन शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल है : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. ने इछावर तहसील के ग्राम ईटखेड़ा एवं नींबूखेड़ा में वन ग्रामों के संपरिवर्तन की चल रही कार्यवाही तथा ग्राम गाजीखेड़ी में वन खण्डों के व्यवस्थापन संबंधी कार्यवाही का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि वन ग्रामों का संपरिवर्तन शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल है, जिससे वन क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों को राजस्व ग्रामों के समान मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपरिवर्तन की प्रक्रिया में पारदर्शिता रखते हुए सभी आवश्यक प्रक्रियाएं समय-सीमा में पूर्ण की जाएं।

कलेक्टर बालागुरू ने वन खण्डों के वैज्ञानिक एवं सुनियोजित व्यवस्थापन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि वन संसाधनों का संरक्षण करते हुए आजीविका के अवसर भी विकसित किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वन एवं राजस्व विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, ताकि सीमा निर्धारण, अभिलेखों के आदान-प्रदान एवं तकनीकी प्रक्रियाओं में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने लंबित सामुदायिक वनाधिकार दावों के शीघ्र निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि वनवासियों को उनके अधिकार मिलना चाहिए। इसके लिए चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार कर प्रत्येक चरण के लिए एक स्पष्ट समय-सीमा तय की जाए और प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए। कलेक्टर ने वन विभाग को निर्देश दिए कि वनाधिकार एवं सीमा निर्धारण से संबंधित सभी आवश्यक अभिलेख राजस्व विभाग को शीघ्र उपलब्ध कराए जाएं, जिससे प्रक्रियाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड स्तर पर सतत निगरानी रखने तथा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान इछावर एसडीएम स्वाती मिश्रा सहित वन एवं राजस्व विभाग के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नगर में संचालित आईटीआई में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने शनिवार को शैक्षणिक भ्रमण किया। छात्रों ने संस्थान की कार्यशाला का अवलोकन किया और भविष्य की संभावनाओं को समझा। छात्रों को आईटीआई में संचालित विभिन्न ट्रेडों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। छात्रों ने देखा कि किस तरह मशीनों पर काम किया जाता है और कौशल शिक्षा के माध्यम से रोजगार स्वरोजगार प्राप्त किए जा सकते हैं। इस अवसर पर प्राचार्य आईटीआई एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

## संकल्प वृद्धा आश्रम में भोजन प्रसादी का वितरण

**सीहोर।** शहर के सहकारिता क्षेत्र में सक्रिय, सरल, सहज और मिलनसार स्व.गोपाल कृष्ण शर्मा की पुण्य स्मृति में शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धा आश्रम में भोजन प्रसादी का वितरण किया। इस मौके पर उनके परिजन खजांची लाइन स्थित कृष्णा डेरी की ओर से मौजूद राजेश शर्मा ने वृद्धजनों को भोजन-प्रसादी का वितरण किया। इस मौके पर पेंशनर्स एसोसिएशन के अनिल शर्मा, प्रदीप साबू, पिपेलेश्वर मंदिर समिति के मनोज जैन सहित अन्य ने श्री शर्मा को श्रद्धांजली अर्पित की। इस मौके पर उनके परिजन राजेश शर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में स्व. गोपाल कृष्ण शर्मा की स्मृति में अनेक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को यहां पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। इस मौके पर संस्कार मंच की ओर से मनोज दीक्षित मामा ने कहाकि आज वीर बाल दिवस, जो हर साल 26 दिसंबर को मनाया जाता है, भारत में एक राष्ट्रीय स्मरण दिवस है जो दसवें सिख गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे बेटों की असाधारण वीरता और शहादत को याद करता है।

**खबर संक्षेप**

### प्रभारी संजय दत्त की उपस्थिति में हुई ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक




**देवास।** शहर कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों की एक संयुक्त बैठक शनिवार को होटल सूर्या में आयोजित हुई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी संजय दत्त, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, प्रभारी सदाशिव यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर दत्त ने संबोधित करते हुए कहा कि आपको जो जिम्मेदारी दी गई है बहुत ही महत्वपूर्ण है। जिसे आपको पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाना है। वही सब को साथ लेकर चलकर कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाना है। साथ ही श्री वर्मा ने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण में अपनी भूमिका निभाए एवं ध्यान से मतदाता सूची का अवलोकन करें जो मतदाता छूट गए हैं उन्हें जुडाने का काम करें। इसी के साथ श्री यादव ने भी सभी ब्लॉक अध्यक्ष को कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के संदर्भ निर्देश दिए। सर्वप्रथम शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष मनीष चौधरी ने सभी अतिथियों का पुष्पमाला पहनकर कर स्वागत किया एवं कांग्रेस संगठन की गतिविधि से अवगत कराते हुए विस्तार से अपनी जानकारी दी। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता जय सिंह ठाकुर, मनोज राजानी, प्रदीप चौधरी, रेखा वर्मा, गुरुचरण सलूजा, भगवान सिंह चावड़ा, विक्रम मुकाती, रोशन रायकवार, जाहिद पठान, दीपेश कानूनगो, सुजीत सांगते एवं सभी नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे बैठक का संचालन सुधीर शर्मा ने किया।

### भाजपा ने वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के समापन पर किया कार्यक्रम

# मोदी के नेतृत्व में वाजपेयी के बताए मार्ग पर देश की सरकार चल रहीः मंत्री परमार

## आयोजित कार्यकर्ता सम्मलेन में वरिष्ठ कार्यकर्ताओ को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




भारतीय जनता पार्टी जिला देवास द्वारा भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के समापन अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन शनिवार को बायपास स्थित होटल में किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अटलजी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनकर देश की जनता की सेवा की। पोखरण में परमाणु परीक्षण किया। कारगिल में पाकिस्तान को सबक सिखाया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सौगात दी। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी के बताए मार्ग पर देश की सरकार चल रही है। मध्यप्रदेश भी विकास के पथ पर अग्रसर है। यही सबका साथ-सबका विकास का संकल्प है। अटलजी के समय ही गांव-गांव में सड़कें बनाने का अभियान शुरु किया गया। उसी समय हाईवे के विस्तार पर भी काम शुरु हुआ। आज लाखों किलोमीटर की सड़कें देश भर में बन चुकी हैं।

मंत्री परमार ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य भारत सरकार का एक दृष्टिकोण है, जिसके तहत स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक देश को एक विकसित राष्ट्र बनाना है, जिसमें आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, नवाचार, बुनियादी ढांचा और स्थिरता पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसमें 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था, कम गरीबी, उच्च महिला कार्यबल भागीदारी और नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार प्रमुख हैं। इस विज़न को पूरा करने के लिए युवाओं, किसानों, महिलाओं और गरीबों को मुख्य स्तंभ माना गया है। अटल जी ने कहा था कि शिक्षा में अमूलचूल परिवर्तन होना चाहिए। आज उनके सिद्धांत पर चलते हुए भाजपा सरकारें यह कार्य कर रही हैं।वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इंदौर के पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे ने कहा कि जो पाया उसमें खो ना जाएं, जो खोया उसका ध्यान करें। अटल बिहारी वाजपेयी की बदौलत ही भाजपा आज शिखर पर है। उनके बताएं सिद्धांतों पर हम लोग आगे बढ़ रहे हैं. पूर्व प्रधानमंत्री ने बिहार को तरक्की के पथ पर लाने का काम किया था। अटल बिहारी वाजपेयी महामानव थे। वहीं भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा ने कहा कि भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्र सेवा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। वे हिमालय के समान विराट व्यक्तित्व के धनी थे। पूरी दुनिया में उनका एक अलग ही सम्मान है। वे भाषा से, भाषण से और व्यक्तित्व से गंगा-यमुना की तरह पवित्र थे। उन्होंने किसान नेता चौधरी चरणसिंह का जिक्र करते हुए कहा कि वे किसान नेता था, उसके बाद किसानों की चिंता करने वाला नेता हुआ, तो वह थे अटल जी। उन्होंने गांव-गांव सड़क का निर्माण कर किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया। साथ ही किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड बनाकर बिना ब्याज का पैसा बैंकों से दिलवाया।भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि वर्षों की तपस्या, त्याग एवं संघर्ष के बल पर भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है, जिसमें वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का योगदान अमूल्य रहा है।



अटल बिहारी वाजपेयी जी के विचारों और संगठन निर्माण में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की भूमिका को सम्मान देने के उद्देश्य से यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सेंधव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन में 700 से अधिक वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने जनसंघ से लेकर अभी तक भाजपा का कार्य किया, जिनका सम्मान भी किया गया। स्वागत भाषण पूर्व महापौर सुभाष शर्मा ने दिया। एसआईआर संबंधी जानकारी कार्यालय प्रभारी मनोहर जाधव ने दी। नवाचार कार्यक्रम की कार्यक्रम का संचालन प्रवीण चौधरी ने किया। आभार प्रमोद डोगलीया ने माना। सभी वक्ताओं ने जिलाध्यक्ष सेंधव व टीम को साधुवाद दिया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने बताया कि सम्मेलन के दौरान विधायक गायत्रीराजे पवार, आशीष शर्मा, राजेश सोनकर, मनोज चौधरी, मुरली भंवरा, पूर्व विधायक तेजसिंह सेंधव, पूर्व जिलाध्यक्ष तेजसिंह बघेल ने भी अटल जी के संस्मरण सुनाए। इस अवसर पर महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, जिला महामंत्री राजेश यादव, मनीष सोलंकी, विजयसिंह बघेल, रवि जैन, सुरेंद्र वर्मा, नारायण व्यास, लक्ष्मीनारायण गौरा, कार्यक्रम प्रभारी प्रमोद डोंगलिया, पृथ्वीराजसिंह, बलराम दावठा, केशरसिंह देवगढ़ सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिकायतों के बाद सिविल सर्जन ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

**अनुपस्थित चिकित्सकों को दिए नोटिस**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला चिकित्सालय में लगातार आ रही मरीजों और परिजनों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शनिवार को सिविल सर्जन डॉ. आर. सी. परमार ने अस्पताल के सभी प्रमुख वार्डों और विभागों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, हाउस कीपिंग, डॉक्टरों की उपस्थिति और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जहां कई व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता सामने आई, वहीं लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों को सख्त निर्देश भी दिए। अस्पताल में डॉक्टरों का समय सुबह 9 बजे पूर्व से निर्धारित किया है, जिस पर अधिकांश डॉक्टर समय पर उपलब्ध नहीं रहते हैं। शिकायत मिलने पर सिविल सर्जन ने औचक निरीक्षण किया, जिस दौरान चार डॉक्टर सुनीता सिंह, लावंशी मित्रा, प्रकृति लालवानी व डॉ. ऋषभ अनुपस्थित पाए गए, जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया। उन्होंने कहा कि शासकीय अस्पताल में समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहना अनिवार्य है और मरीजों की अनदेखी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण का उद्देश्य केवल खामियां निकालना नहीं, बल्कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना बताया।निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन सबसे पहले ओपीडी पहुंचे, जहां मरीजों की भीड़, बैठने की व्यवस्था और साफ-सफाई का जायजा लिया गया। ओपीडी में कुछ स्थानों पर गंदगी और अव्यवस्थित कचरा निस्तारण को लेकर नाराजगी जताई।

### विकसित भारत-जी रामजी अधिनियम-2025 के संबंध में विशेष ग्राम सभा आयोजित

**चापडा।** भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय विज़न विकसित भारत 2047 के परिप्रेक्ष्य में महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी एक्ट, 2005 (मनरेगा) के स्थान पर विकसित भारत – गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 लागू किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में वीबी-जी राम जी अधिनियम-2025 के महत्वपूर्ण प्रावधानों एवं प्रदत्त कानूनी अधिकारों के संबंध में व्यापक जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। इसी के चलते ग्राम पंचायत छतरपुरा में ग्रामसभा का आयोजन कर वीबी जी राम जी (VB-G RAM G) अधिनियम-2025 के एजेण्डा/प्रमुख विशेषताओं की जानकारी से अवगत कराया गया। योजना के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए ग्रामीण जनों को योजना की जानकारी पोस्टर, बैनर, पंपलेट आदि माध्यमों से भी दी गई। इस दौरान सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार, जनपद सदस्य आशिष पाटीदार,सचिव सागर चौहान, रोजगार सहायक सचिव नंदकिशोर पाटीदार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सांदीपनि विद्यालय में कलेक्टर के हस्तक्षेप के बाद नए भवन में शुरू हुई पढ़ाई, टेबल पर भोजन कर रहे स्कूल के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



मुख्यालय पर संचालित शासकीय सांदीपनि विद्यालय बागली में जिला कलेक्टर ऋतुराज सिंह के हस्तक्षेप के बाद अब कक्षाएं संचालित होना शुरू हो गई है। साथ ही बच्चे अब टाट-पट्टी की बजाय डाइनिंग हाल में डायनिंग टेबल पर भोजन करते नजर आ रहे है। इसकी शुरुआत सोमवार से नए स्कूल भवन में स्थानांतरण के बाद हुए। डाइनिंग टेबल पर मध्याह्न भोजन के लिए विशेष निर्देश कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा दिए गए थे। कलेक्टर द्वारा डीईओ हरिसिंह भारती, एसडीएम, तहसीलदार, स्कूल भवन निर्माण के ठेकेदार आदि को पिछले सप्ताह बागली में एक बैठक आयोजित कर सख्त निर्देश दिए थे। 14 अक्टूबर को मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन के दो माह बाद भी बच्चे पुरानी बिल्डिंग में ही पढ़ाई और टाट पट्टी पर खाना खा रहे थे। इस पर कड़ी फटकार भी लगाई गई थी। कलेक्टर के निर्देश के बाद स्कूली अमला सक्रिय हुआ और ताबड़तोड़ ठेकदारों को कहकर शेष फर्नीचर बुलाया गया और नए भवन में बच्चों को बैंडबाजे के साथ स्वागत कर प्रवेश दिलाया गया। खाना बनाते और खिलाते समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। साथ ही अधिकारियों को प्रतिदिन स्कूल में भोजन का निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। प्राचार्य प्रकाश डाबी ने बताया अभी टेबल पर खाना खिलाया जा रहा है, 65 डायनिंग टेबल और फर्नीचर आना शेष है इसलिए कुछ पुराने फर्नीचर का भी उपयोग किया जा रहा है। भोजन स्कूल परिसर में बने किचन शेड में ही आराधना स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए जाने वाला अच्छी गुणवत्ता वाला भोजन मिल रहा है। प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोविंद राजपूत ने बताया पहली से पांचवीं तक 159 बच्चे एवं मिडिल स्कूल के प्रधान विलाम सिंह वास्केल ने बताया कि 154 बच्चों को अभी मध्याह्न भोजन कराया जा रहा है। डाबी ने बताया कि इस संस्था के माध्यम से क्षेत्र के हर वर्ग के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी। बस के माध्यम से आस पास के गांवों से बच्चों को लाया जा रहा है। बेहतर सुविधाओं के साथ पहली से 12 वी तक के बच्चों को शिक्षा प्रदान की जाएगी।




# चाइना डोर को लेकर पुलिस प्रशासन हुआ सख्त पतंग डोर विक्रेताओं की दुकानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



**खबर का असर**

नगर में मकर संक्रांति पर्व को लेकर बच्चों में पतंग उड़ाने का उत्साह काफी देखने को मिल रहा है। इस दौरान चाइना डोर की बिक्री का भी अंदेशा बना हुआ है। शुक्रवार को थाना प्रभारी प्रीति कटारे के निर्देश पर पुलिस टीम ने नगर व भौरासा क्षेत्र में लगने वाले गांवो में पतंग मांझा के खेरची विक्रेताओं के यहां औचक निरीक्षण किया। विक्रेताओं से बात कर दुकान की तलाशी ली गई। आपको बता दे की पिछले दिनों 20 दिसंबर को दैनिक हरिभूमि में प्रमुखता से चाइना डोर को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी जिसको लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा पूरे क्षेत्र में चाइना डोर को लेकर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान किसी भी विक्रेता के यहां चाइना डोर नहीं मिली। पुलिस टीम ने सभी को समझाइश दी कि आगे भी चाइना डोर ना रखें। इससे आपके साथ-साथ आमजन भी सुरक्षित रहेंगे। चाइना डोर मिलने पर नियम अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। भौरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे ने सभी आम जनों से अपील की है कि संक्रांति पर्व एक पारंपरिक पर्व है इसे खुशी और सतर्कता के साथ मनाए। चाइना डोर का उपयोग न करें। साथी बिना मुंडेर की छत मुख्य मार्गों, वाहनों से सावधानी व गड्ढो से बचकर पतंगबाजी करें। माता-पिता अपने छोटे बच्चों का विशेष ध्यान रखें। कोई दुकानदार चाइना डोर को छिपाकर बेचते हुए अगर बाजार में बेच रहा है तो उसकी जानकारी पुलिस को दे। कार्रवाई में एसआई प्रताप सिंह, एएसआई संजय सिंह तंवर ,प्रआर वीरेंद्र सिंह राजपूत, संजय चौबे, राहुल सिंह, अभिषेक पांडे, अभिषेक त्रिपाठी, आदी शामिल थे।




गली मोहल्लों में बच्चे उड़ा रहे चाइनीज डोर से पतंग

आखिर कहां से आ रही है, चाइनीज डोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर के कई गली मोहल्लो में बच्चे चाइनीज डोर से पतंग उड़ा रहे हैं। वहीं प्रशासन द्वारा जारी किए गए आदेश में उल्लेखित चाइना डोर की बिक्री तथा स्टोरेंज पर पाबंदी का पालन नहीं हो पा रहा है। परिणाम स्वरुप चाइना डोर किसी इंसान या फिर पशु पक्षी के लिए किसी भी समय घातक साबित हो सकती है। दुकानदारों द्वारा गुपचुप तरीके से चाइना डोर की बिक्री की जा रही है। संक्रांति के त्यौहार को लेकर इस समय नगर में डोर बेचने वाले दुकानदार पूरी तरह से सक्रिय हो चुके हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चाइना डोर की बिक्री ब्लैक में की जा रही है क्योंकि चाइना डोर पर कांच व तीखा धातु लगा होता है जिसके चलते वह डोर आसानी से नहीं टूटती है ऐसे में पतंगबाजी करते बच्चों का पतंग ना कटे इसलिए बच्चे ज्यादा इस्तेमाल करते हैं जबकि युवा भी पतंगबाजी में चाइना डोर को ही प्राथमिकता देते हैं।नगर में बीते नवंबर माह से ही दुकानदारों ने चाइना डोर की स्टोरेज करनी शुरू कर दी थी। वही चाइना डोर से पतंग उड़ाने के शौकीन लोगों ने दुकानदारों को पहले ही पैसे देकर डोर के बंडल बुक करवा रखे है, जिसके चलते अब तक नगर में चाइना डोर की बिक्री हो चुकी है और अब संक्रांति त्योहार पास आता देख दुकानदारों द्वारा चाइना डोर ब्लैक में बेचना भी शुरू कर दिया गया है।

### अयोध्या बाई पटलन का निधन, दी श्रद्धांजलि



**टोंकखुर्द।** ग्राम नावदा के सामाजिक कार्यकर्ता अशोक पटेल, कैलाश पटेल, महेश पटेल, उमेश पटेल की माता व भाजपा नेता संदीप पटेल की दादी अयोध्या बाई पटलन का 96 वर्ष की आयु में रविवार को निधन हो गया। अयोध्या बाई पटलन के निधन पर विधायक राजेश सोनकर,विधायक मनोज चौधरी,जितेंद्र मंडलोई,अनिल चावड़ा, मनोहर लाल मंडलोई, बहादुर मुकाती, गणेश पटेल पार्षद ,अर्जुन चौधरी, प्रदीप चंद्रवंशी, गौतम सिंह राजपूत,रूपसिंह धाकड़, कुलदीप पटेल, चिंतामन चौधरी,प्रेम सिंह सेठ,लालसिंह पटेल,सुमेरसिंह यादव, राकेश सिंधल, रमेश पटेल रंधनखेड़ी, मुकेश चौधरी, राबडीया, श्याम गालोदिया आदि ने शोक व्यक्त कर भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की।

### शावि टोंककला के विद्यार्थियों कराया शैक्षणिक भ्रमण, प्रदेश की आर्थिक राजधानी देखी

# किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक व करियर उन्मुख जानकारी दी





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, टोंककला द्वारा विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर ले जाया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक, अनुभवात्मक एवं करियर उन्मुख जानकारी प्रदान करना था।शैक्षणिक भ्रमण का शुभारंभ विद्यालय परिसर से हुआ, जहाँ प्राचार्य भूपेंद्र सूर्यवंशी एवं उपप्राचार्य विष्णु प्रसाद आर्य द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य द्वय ने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर भ्रमण करने तथा इस शैक्षणिक अवसर का अधिकतम लाभ उठाने की प्रेरणा दी।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने इंदौर के प्रमुख शैक्षणिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का अवलोकन किया। चिड़ियाघर (जू) भ्रमण के समय विद्यालय की जीव विज्ञान शिक्षिका श्वेता तिवारी ने विद्यार्थियों को जीवाश्मों एवं विभिन्न जीव-जंतुओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने जैव विविधता, जीवों की संरचना एवं संरक्षण के महत्व को सरल एवं रोचक ढंग से समझाया।हरिओम पटेल ने विद्यार्थियों को आसपास होने वाली कृषि गतिविधियों, विभिन्न प्रकार की खेती, जैविक खेती के लाभ, तथा पशुओं के लिए चारा उत्पादन एवं पशुपालन से जुड़ी खेती के विषय में जानकारी दी।वहीं शिवम बिसेन ने विद्यार्थियों को व्यावसायिक (वोकेशनल) पाठ्यक्रमों, कौशल विकास, स्वरोजगार एवं भविष्य के रोजगार अवसरों से अवगत कराया।विद्यालय के आईसीटी शिक्षक अक्षय गुप्ता ने विद्यार्थियों को इंदौर स्थित आईटी पार्क का भ्रमण कराया, जहाँ उन्हें सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के वर्तमान स्वरूप, आधुनिक तकनीकों तथा भविष्य में आईटी क्षेत्र की व्यापक संभावनाओं के बारे में जानकारी दी।इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय की शिक्षिकाएँ रेखा परिहार, रितिका मजूमदार, हंसा चौधरी, कविता कोरी, रीना सेंधव, रीना चौधरी, दिशा सोलंकी एवं वर्षा पांचाल एवं शिक्षक संदीप बघेल का विशेष सहयोग रहा। सभी शिक्षकों ने पूरे भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए अनुशासन एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा।भ्रमण के समापन पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इंदौर का यह शैक्षणिक भ्रमण उनके लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं स्मरणीय रहा। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण आयोजित करने की बात कही।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है हमारे पक्षकार द्वारा मेम्बरसिंह पिता श्री छतरसिंह राजपूत निवासी ग्राम नेवरी पोस्ट पटलावदा तहसील व जिला देवास से ग्राम नेवरी तहसील व जिला देवास, पटवारी हल्का नंबर 23 स्थित कृषि भूमि सर्वे नंबर 416/1 रकबा 0.9300 हेक्टर एवं कृषि भूमि सर्वे नंबर 424/1 रकवा 0.7100 हेक्टर कुल सर्वे नंबर 02 कुल रकबा 1.6400 हेक्टर को क्रय करने का विधिवत इकरारकर, बयाना राशि गवाह के समक्ष अदा कर किया है।

उपरोक्त विवरण वाली कृषि भूमि पर किसी शासकीय-अर्धशासकीय निकाय, राष्ट्रियकृत बैंक-अराष्ट्रिकृत्य बैंक, वित्तीय संस्थान, व्यक्तिगण लेनदेन भार-बोझ मेंटेनेंस एवं गिरवे का भार इत्यादी हो तो अधोहस्ताक्षरित के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के 07 दिवस मे अन्दर मय दस्तावेजी प्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा अवधि पश्चात हमारे पक्षकार विवरण वाले उक्त प्लाट का पंजीयन शेष विक्रय मूल्य मेम्बरसिंह पिता श्री छतरसिंह राजपूत निवासी ग्राम नेवरी पोस्ट पटलावदा तहसील व जिला देवास को अदा कर पंजीकृत पंजीयन करवा लेंगे, बाद अवधि किसी की भी आपत्ति मान्य नही होगी ।

**विजय पटेल,** अभिभाषक
कार्यालय - ग्राम सुखल्या क्षिप्रा
तहसील व जिला देवास म.प्र.
मो. 77709 88021

## खबर संक्षेप



### चौबे की शिवसेना शिंदे गुट की प्रदेश कार्यकारिणी में नियुक्ति

**ललितपुर।** जिले में शिवसेना (शिंदे गुट) के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। उत्तर प्रदेश शिवसेना शिंदे गुट की प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में डा.अखिलेश कुमार चौबे की नियुक्ति हुई है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर जिले के विभिन्न स्थानों पर बधाई और सम्मान समारोह आयोजित किए गए। ललितपुर शहर में शिवसेना के जिलाध्यक्ष राकेश नामदेव ने अपने साथियों के साथ डा.अखिलेश कुमार चौबे को बधाई दी। उन्होंने फूल-माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं व्यक्त कीं। वहीं, बानपुर में भी डा.अखिलेश कुमार चौबे की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्ति पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संपूर्ण आयोजन मनीष चौरसिया ने किया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि डा.अखिलेश कुमार चौबे की इस नियुक्ति से ललितपुर जिले में शिवसेना (शिंदे गुट) का संगठन और मजबूत होगा। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से सर्वेश कुमार चौबे, सुनील चौरसिया, मनीष चौरसिया, अखिलेश पांडेय, अभिषेक बाजपेई, मोहित पांडे, गौरव पुरोहित, जितेंद्र सेन, दीपक विश्वकर्मा, धर्मेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### 150 लीटर अवैध कच्ची शराब की बरामद

**ललितपुर ।** जनपद की आबकारी विभाग एवं पुलिस की टीम द्वारा ग्राम- चीराहार में ड्रोन कैमरे की सहायता से अवैध मद्य निष्कर्षण के अड्डों को चिह्नित करते हुए छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान मौके से 150 लीटर अवैध कच्ची शराब की बरामद करते हुए टीम द्वारा मौके पर जेसीबी की मदद से जमीन में गढ़े हुए ड्रमों को निकालते हुए लगभग 8000 लहन नष्ट किया गया। टीम द्वारा 03 महिला अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में थाना-कोतवाली, जनपद ललितपुर में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

### चारा काटते समय महिला से छेड़छाड़

**ललितपुर।** मड़ावरा थानान्तर्गत एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 25 दिसम्बर को शाम करीब 4 बजे वह अपने खेत पर चारा काटने को गयी थी, तभी चारा काटने के समय गांव में रहने वाला चन्द्रपाल पुत्र राजाराम यादव आया और बदत्तमीजी व छेडखानी करने लगा, जब उसने मना किया। वह चिल्लायी तो गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### अधूरे नाले निर्माण से मोहल्ला वासी परेशान

**ललितपुर।** शहर के वार्ड नं. 6 में नाला निर्माण का कार्य पूर्ण कराये जाने को लेकर मोहल्लेवासियों ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है। लोगों ने डीएम को बताया कि रामनगर के रूपा कालोनी के उत्तर-पश्चिम में नगर पालिका द्वारा नाले का निर्माण कराया जा रहा है, किन्तु अचानक नाले का निर्माण कार्य रोक दिये जाने के कारण नाले में जल भराव की भयावह स्थिति उत्पन्न हो गयी है। इससे मोहल्लेवासियों के मकानों में पानी भरने से उनके गिरने का खतरा बढ गया है। मोहल्लेवासियों ने डीएम से उक्त कार्य को फिर से शुरू कराये जाने और नाले से जल निकासी कराये जाने की मांग उठायी गयी। ज्ञापन देते समय पत्रकार चरन सिंह, किशन, सुनील कुमार, वैभव, विजय, हरिश्चंद्र राय, ममता, आशीष, प्रेमवती, कमलेश राठौर, पूजा राठौर, सत्येन्द्र राठौर, जमनादेवी, महाराज सिंह, गोपालदास रजक, देशराज कुशवाहा, शान्त कुमार, धर्मेंद्र कुमार, भूपेन्द्र कुमार, अरविन्द कुमार, रतनलाल राठौर, बृजेश कुमार के अलावा अनेक लोग मौजूद रहे।

### जेवीएन सुब्रमण्यम ने एसआईआर को लेकर कहा

# नोटिस से डरें नहीं, 13 प्रपत्रों में से किसी एक पर दें सूचना, नहीं कटेगा नाम

#### नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के बूथों पर जाकर बीएलओ व सुपरवाइजरों से की एएसडी मतदाताओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

जेवीएन सुब्रमण्यम, आईएएस, (संयुक्त सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय), विशेष रोल प्रेक्षक ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के साथ शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के सम्बंध में समीक्षा बैठक की और जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से एसआईआर कार्य का फीडबैक लिया। इसके साथ ही उन्होंने नगरीय व ग्रामीण पोलिंग बूथों पर जाकर बीएलओ एवं सुपरवाईजरों से एएसडी मतदाताओं की मैपिंग की प्रगति का जायजा भी लिया। स्पेशल रोल ऑब्जर्वर ने जनपद में कराये जा रहे एसआईआर अभियान की सफलता देखकर जिलाधिकारी सहित उनकी पूरी प्रशासनिक टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिला प्रशासन और राजनैतिक दलों ने मिलकर बहुत अच्छा कार्य किया है, उनकी मेहनत धरातल पर भी दिख रही है। आगे भी इसी सामन्जस्य के साथ कार्य करें।

उन्होंने राजनैतिक दलों से अपील की कि वे जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी गई एएसडी सूची में मतदाताओं की मैपिंग में सहयोग करें। उन्होंने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी भी वैध मतदाता का नाम सूची से नहीं काटा जाएगा, एएसडी के जो भी मतदाता हैं, उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा, मतदाताओं को इस नोटिस से डरने की जरुरत नहीं है, आयोग द्वारा निर्धारित 13 दस्तावेजों में से एक पर सूचना उपलब्ध करायेंगे तो उनका नाम सूची में शामिल कर लिया जाएगा। ड्राफ्ट पब्लिकेशन के बाद भी यदि कोई मतदाता छूट जाता है तो उनका फार्म-6 भरवाकर सूची में शामिल कर लिया जाएगा।

#### जिलाधिकारी और उनकी टीम की प्रशंसा की

बैठक में समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने रोल प्रेक्षक को अपना-अपना परिचरय दिया और एसआईआर के प्रति जिलाधिकारी और उनकी टीम की प्रशंसा करते हुए अपने-अपने सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा कड़ी मेहनत के साथ जिले में एसआईआर कराया जा रहा है, जिससे वे सभी संतुष्ट हैं। जिलाधिकारी ने स्पेशल रोल आब्जर्वर को अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनपरीक्षण (एसआईआर)-2026 के सम्बंध में जनपद के राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ 6 बार बैठक की जा चुकी है, साथ ही एएसडी मतदाताओं का डाटा पेनड्राइव में उपलब्ध कराया जा चुका है। प्रतिनिधियों के द्वारा जो भी सुझाव या आपत्तियां दर्ज करायी जा रही हैं, उनके अनुसार सुधार की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में कुल 1063 पोलिंग बूथ थे, जिसे सम्भाजन के प्रस्ताव के आधार पर और निर्वाचन आयोग के अनुमोदन के उपरान्त बढ़ाकर 1156 किया गया है, परन्तु पोलिंग सेन्टरों की संख्या पूर्व की भांति ही है। क्योंकि इनमें पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि किसी भी भ्रान्ति या सूचना के आदान प्रदान के लिए हमसे सम्पर्क करें।



#### मतदाताओं की मैपिंग की अब तक की प्रगति का जायजा लिया

बैठक के उपरान्त रोल प्रेक्षक ने नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर एएसडी मतदाताओं की मैपिंग कर रहे बीएलओ से वार्ता की। उन्होंने नगर के वर्णी कॉलेज व पीएन इण्टर कॉलेज में बीएलओ व सुपरवाईजरों से वार्ता कर उनका हौसला बढ़ाया और एएसडी मतदाताओं की मैपिंग की अब तक की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि ललितपुर में सभी कार्मिक अच्छी टीम भाव से काम कर रहे हैं, जो धरातल पर दिख भी रहा है। 9.58 लाख से अधिक मतदाताओं के सापेक्ष मात्र 42 हजार अनमेप्ड मतदाताओं का होना कोई बड़ी बात नहीं है, जल्द ही इन्हें भी खोज लिया जाएगा। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि ऐसे बूथ चिन्हित कर लें जिनमें एएसडी मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक है और वहां पर विशेष अभियान चलाकर मैपिंग का कार्य करायें। इसी प्रकार उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के पीएम श्री सिविलियन विद्यालय जीरोन एवं बुन्देलखण्ड इण्टर कॉलेज जाखलौन पहुंचकर एएसडी मतदाताओं की समीक्षा की, मौके पर बीएलओ व कुछ ग्रामवासी उपस्थित मिले, उन्होंने ग्राम वासियों से एसआईआर फार्म के बारे में पूछा, जिस पर ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने फार्म भर दिया है और वे बीएलओ व बीएलए की भी सहायता कर रहे हैं। इस अवसर पर समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, जिला संयोजक एसआईआर हरिराम निरंजन, राजनैतिक दलों में आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी, बहुजन समाज पार्टी जिलाध्यक्ष अमन संतोष व भूपेन्द्र, भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र रावत, इण्डियन नेशनल कांग्रेस जिलाध्यक्ष दयाराम श्रीवास, जसपाल सिंह, समाजवादी पार्टी से प्रमोद इमलिया, अरसद मंसूरी, अपना दल जिला महासचिव सोहन लाल निरंजन व विधानसभा अध्यक्ष पुरषोत्तक उपस्थित रहे।

### समुदाय के लोगों ने किया प्रदर्शन

## बीन बजाते पहुंचे सपेरे, जाति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग




**ललितपुर।** सपेरा समुदाय के लोगों ने बैंगा जाति का प्रमाण पत्र जारी करने की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में बीन बजाकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि दो गांवों में बैंगा जाति के प्रमाण पत्र नहीं बनाए जा रहे हैं। इस प्रदर्शन में 20 से अधिक महिलाएं और पुरुष शामिल थे। उन्होंने बताया कि बैंगा जाति के लोग उत्तर प्रदेश की सभी तहसीलों और ब्लॉकों के गांवों में निवास करते हैं। उनकी मुख्य मांगों में बैंगा समाज के किसी व्यक्ति के आकस्मिक निधन पर सरकार द्वारा आर्थिक सहायता, सरकारी योजनाओं का लाभ और सभी बैंगा समाज के लोगों को भूमि पट्टा आवंटन शामिल है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी बताया कि वन्यजीव अधिनियम के तहत सर्पों के राष्ट्रीयकरण से उनका पारंपरिक धंधा चौपट हो गया है। उन्होंने कहा कि गांवों और शहरों में सर्प पकडने का काम बैंगा सफेरा समाज के लोग ही करते हैं, इसलिए सरकार को उन्हें 'सर्पमित्र' का काम देना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि जिस प्रकार मछुआरा समाज, बंजारा समाज और शिल्पकार समाज को विशेष योजनाओं के तहत अलग-अलग लाभ दिए जाते हैं, उसी प्रकार बैंगा समाज को भी लाभ मिलना चाहिए। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक बैंगा परिवार को आवास और शौचालय उपलब्ध कराए जाने की मांग भी की गई। उन्होंने बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश में बैंगा समाज के जाति प्रमाण पत्र जारी हो चुके हैं, लेकिन महरौनी तहसील के कुछ गांवों में अभी भी ये प्रमाण पत्र नहीं बन पाए हैं।

### चीराकोडर गांव में बीते समय तेंदुआ प्राथमिक विद्यालय में घुसा था

## तेंदुए के विचरण से दहशत, विद्यालय में अध्यापक और किसान खेत पर रखवाली करने नहीं जा रहे





**ललितपुर।** चीराकोडर गांव में बीते समय एक तेंदुआ प्राथमिक विद्यालय में घुस गया। यह तेंदुआ 13 , 14 घंटे रात के अंधेरे में रहने के वाद जंगल की ओर भाग निकला। तेंदुए के भय से विद्यालय बंद रहा और ग्रामीण दहशत में रहे। किसान खेतों पर फसल की रखवाली के लिए नहीं गए। घटना , 25 दिसंबर की है, जब बिरधा विकास खंड की ग्राम पंचायत चीराकोडर के प्राथमिक विद्यालय में ग्रामीणों ने तेंदुए को देखा। तेंदुआ ग्रामीण कैलाश यादव पर हमला कर स्कूल की बाउंड्रीवॉल फांदकर पास के बांस के झुंड में गायब हो गया था। सूचना मिलने पर डीएफओ गौतम सिंह के नेतृत्व में 25 वन कर्मियों की टीम पिंजरे और जाल के साथ मौके पर पहुंची। बांस के घने झुंड में फंसे तेंदुए को पकडना मुश्किल हो गया। उसे भगाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार भी की गई, लेकिन वह नहीं भागा। ड्रोन कैमरे से भी उसकी निगरानी की गई, पर वह दिखाई नहीं दिया। गांव में दहशत का माहौल रहा, जिसके चलते प्राथमिक विद्यालय बंद कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि वे तेंदुए के डर से खेतों पर नहीं जा रहे हैं। ग्रामीणों की आशंका थी कि विद्यालय परिसर में झाड़ियाँ होने के कारण तेंदुआ वापस आ सकता है, जिसके बाद ग्राम प्रधान ने झाड़ियों को कटवा दिया। वन विभाग की टीम स्कूल और बांस के पेड़ों के पास लगातार गश्त कर रही हो है। ग्रामीण भी सुरक्षा के लिए झुंड में ही आवाजाही कर रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने भी तेंदुए के कारण स्कूल बंद होने की पुष्टि की। इस बीच, तेंदुए को पाली क्षेत्र में भी देखे जाने की खबर है, जिससे वहां भी वन विभाग की एक टीम जांच के लिए पहुंची है।

### खांदी में सहरिया बस्ती में मुख्यमंत्री आवास योजना का शुभारंभ

## ग्राम चौपाल पर सुनवाई कर जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया जाताः विधायक




**ललितपुर।** जनसंवाद के क्रम में प्रति शुक्रवार की भांति विधानसभा क्षेत्र 226 सदर ललितपुर के अंतर्गत विकास खण्ड तालबेहट की ग्राम पंचायत खांदी के मजरा करीला में ग्राम चौपाल गांव की समस्या, गांव में समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष तालबेहट नीरज पटेरिया, खंड विकास अधिकारी तालबेहट सौरभ बरनवाल, राजू चौबे, मनोज त्रिपाठी, ग्राम प्रधान सुमन कुशवाहा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। चौपाल के माध्यम से सडक़, पेयजल, विद्युत, आवास, पेंशन, राशन एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी क्रम में ग्राम पंचायत खांदी के मजरा करीला स्थित सहरिया बस्ती में मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 2025/26 के अंतर्गत नवीन स्वीकृत आवासों का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा गया कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं स्थायी आवास उपलब्ध कराना है। योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनमानस ने सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा विकास कार्यों को और गति देने की अपेक्षा जताई।

## वीर बाल दिवस के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित की गई

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व में आज वीर बाल दिवस के अवसर पर सिख समुदाय के साथ बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह को बलिदान पर याद करते हुए की संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन कार्यक्रम संयोजक डा दीपक चौबे ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में सहाबजादो के स्वरूप रखें बालक करनदीप भैया, बहन हरचंद कौर ने वीर बालकों बाबा फतेहसिंह,बाबा जोरावर सिंह के वलिदान की मार्मिक कहानी सुनाई। उन्होंने माई तेरे पोतड़े शहीदी पा गए,नीहा बीच आखिरी फतेह बुला गये ,गाकर सबको गमगीन कर दिया। जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रख कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत करते हुए कहा कि वीर बाल दिवस छब्बीस और सत्ताईस जनवरी को सारे देश में मनाया जा रहा है।




हमारे प्रधानमंत्री ने 26 दिसम्बर 2022 से वीर बाल दिवस मनाना शुरू किया ताकि हमारी नई पीढ़ी महाराज गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादो के बलिदान के बारे में जानकारी मिल सके । उन सात और नौ साल के बच्चों ने अपना बलिदान दे दिया लेकिन धर्म नहीं छोड़ा। इसके ग्रंथी द्वय ज्ञानी दलजीत सिंह व ज्ञानी ईश्वर सिंह ने शबद कीर्तन में त्यागो मन के सकल काम,राम राम राम कहो राम और मार्मिक गीत वादा लमया दा रस्ता पहाड़ दी सुनाया जिसने लोगों को आंखों में आंसू ला दिये। गुरु सिंह सभा के बरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार हरविंदर सिंह सलूजा रिंकू ने बताया कि कैसे चमकौर की गढ़ी में विशाल मुगलों की विशाल सेना से, मात्र चालीस सिंहों के साथ लड़ते हुए गुरु गोबिंद सिंह के दो सहाबजादे बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह ने अपना बलिदान दिया। गुरु सिंह सभा के मंत्री सरदार मनजीत सिंह सलूजा ने बताया कि हमारे दशम गुरु गोबिंद सिंह की परम्परा में लम्बे बलिदान की जो परम्परा शहीदों की रही उसे पुरानी सरकारों ने इतिहास से ओझल रखा लेकिन हमारा समुदाय धन्यवाद देता है मां भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जिन्होंने इस इतिहास को मुख्य धारा पर लाने का कार्य किया । गुरु सिंह सभा के महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा ने कहा कि सरहिंद की दीवारों पर जब सहाबजादो को जिंदा जड़ कर शहीद कर दिया गया था त्याग बलिदान की नींव पर हमारा सत्य सनातन समाज खड़ा हैं।

## तेज रफ्तार ट्रक ने आगे जा रहे ट्रक को जोरदार टक्कर मारी, चालक के पिता की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने आगे जा रहे ट्रक को पीछे से इतनी जोरदार टक्कर मारी। जिससे ट्रक पलट गया, और चालक के पिता की मौत हो गई और चालक घायल हो गया। घायल पुत्र ने आरोप लगाया । कि यदि एंबुलेंस समय पर पहुंच जाती तो उसके पिता की जान बच सकती थी। यह घटना हाईवे 44 पर तालबेहट के पास ग्राम बम्होरी सर के निकट हुई।

हैदराबाद से दिल्ली की ओर जा रहे ट्रक को पीछे से आ रहे एक अन्य तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक संजय (32) निवासी चार शहर का नाका, हजीरा, ग्वालियर, मध्य प्रदेश और उसके पिता सुरेंद्र शर्मा (58) घायल हो गए। उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट ले जाया गया। तालबेहट में हालत गंभीर होने पर दोनों को ललितपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। 108 एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज लाए जाने पर चिकित्सकों ने सुरेंद्र शर्मा को मृत घोषित कर दिया।

घायल संजय शर्मा ने आरोप लगाया कि दुर्घटना के बाद उन्हें पहले पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां से ललितपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। हालांकि, एंबुलेंस काफी देरी से आई, जिसके कारण वे समय पर ललितपुर मेडिकल कॉलेज नहीं पहुंच पाए। संजय का कहना है कि यदि एंबुलेंस समय पर आती तो शायद उनके पिता की जान बच जाती। संजय ने बताया कि उनके पिता भी ट्रक चालक थे और वे दोनों हैदराबाद से कॉपर वायर भरकर दिल्ली जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

### नृसिंह मंदिर पर हुआ भंडारा

## भक्तमाल के रचयिता भक्त माली महाराज को जयंती पर याद किया



**ललितपुर।** श्रीनृसिंह मंदिर में सद्गुरूदेव भक्तमाल, ग्रन्थ के भाष्यकार, त्याग, तपस्या एवं विद्वता की प्रतिमूर्ति गणेश दास भक्त माली की जन्म जयंती के अवसर पर भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें महामंडलेश्वर चंद्रेश्वर गिरिजी महाराज, स्वामी कृष्णगिरि जी महाराज, महंत राम बालक दासजी महाराज, दिगम्बर अखाडा के मंहत रामलखनदासजी महाराज उपस्थित रहे। इस मौके पर महंत गंगादास महाराज ने कहा कि सनातन वैष्णव परम्परा में मां गोदावरी की परिक्रमा की अनंत महिमा बतायी गयी है। मलूक पीठाधीश्वर एवं अग्र पीठाधीश्वर डा. राजेन्द्रदास महाराज के नेतृत्व में विशाल संत समागम के साथ यह परिक्रमा सम्पन्न हुयी। भक्त माली महाराज हम सभी के अभिभावक रहे हैं। उनके बताए हुए मार्ग पर हम सभी गोसेवा, संत सेवा, दरिद्र नारायण सेवा में संलग्न हैं। इस मौके पर सरदार बीके, अजय तिवारी नीलू, राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, रामरतन कुशवाहा, विवेक सड़ैया, संजय ड्योडिया, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीशचंद्र रावत, प्रदीप चौबे, विलास पटैरिया, उदित रावत, शशिराजा बुन्देला मौजूद रहे।

### एक उत्पादन एक जनपद योजना में मांगे आवेदन

ललितपुर। **जिला उद्योग** प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र उपायुक्त उद्योग ने जिले में चयनित एक जनपद एक उत्पाद योजनान्तर्गत रेडीमेड गारमेंट, खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद हेतु सामान्य सुविधा केन्द्र स्थापित करने के लिए इच्छुक एस.पी.वी. (स्पेशल पर्पज व्हीकल) (एफ.पी.ओ. एवं सैक्शन 8 कम्पनी ) से ई.ओ.आई. (एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट अर्थात अभिरूचि पत्र) आवेदन पत्र आमन्त्रित किया जा रहा है। आवेदक ई.ओ.आई. फार्म भर कर जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र में जमा कर सकते है। ई.ओ.आई. (अभिरूचि पत्र) भरकर जमा करने की अन्तिम तिथि 5 जनवरी 2026 तक है। ई.ओ.आई. (अभिरूचि पत्र) विभागीय बेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### फीता काटकर विटामिन-ए सम्पूर्णन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

## नजर कमजोर बच्चों को विटामिन ए आवश्यकः सीएमओ




**ललितपुर।** जिला चिकित्सालय स्थित प्रसवोत्तर केंद्र में रोशनी खान (लाभार्थी की मां) ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद की उपस्थिति में फीता काटकर विटामिन-ए सम्पूर्णन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने बताया कि 27 दिसंबर से 24 जनवरी तक विटामिन ए सम्पूर्णन कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसमें नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चो को विटामिन ए की खुराक से आच्छादित किया जायेगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों में विटामिन ए की कमी को दूर करना है, ताकि वे स्वस्थ रहें, उनकी आंखों की रोशनी बनी रहे और शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़े। विटामिन ए की कमी से बच्चों को रतौंधी (रात में ठीक से न दिखना), बार-बार सर्दी-जुकाम या संक्रमण होना जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। इसलिए हर बच्चे को समय पर विटामिन ए की खुराक देना जरूरी है। इस कार्यक्रम के तहत 9 महीने से 5 साल तक के सभी बच्चों को विटामिन ए ड्रॉप दी जाती है। पहली खुराक बच्चे को 9 महीने की उम्र में मीज़ल्स के टीके के साथ दी जाती है। इसके बाद हर 6 महीने में एक-एक खुराक और दी जाती है, जब तक बच्चा 5 साल का नहीं हो जाता। इससे उनकी आंखों की सेहत बनी रहती है और शरीर को संक्रमण से बचाव मिलता है।विटामिन ए शरीर खुद नहीं बना सकता, इसलिए इसे खाने से या ड्रॉप के रूप में देना जरूरी है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ गजेंद्र सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश भारती डीएमसी यूनिसेफ सबा परवीन आदि उपस्थित रहे।

### स्टोर रूम में रखा खरीदी का समस्त रिकार्ड समेत अनेकों सामान भी जलकर हो गया राख

फायर बिग्रेड की मदद से करीब 2 घंटे में पाया जा सका आग पर काबू

# अस्पताल के स्टोर रूम में लगी आग लाखों रुपए की दवाइयां हुई खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल परिसर स्थित सीएमएचओ दफ्तर से संबद्ध स्टोर रूम में शुक्रवार दोपहर अचानक आग लग जाने से करीब 1 करोड़ से अधिक की विभिन्न तरह की दवाईयां व सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गए। स्टोर रूम से आग की बड़ी-बड़ी लपटें उठती देख तुरंत फायर बिग्रेड को बुलाया गया। करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। स्टोर रूम में आगजनी की प्राथमिक वजह शार्ट-सर्किट बताई जा रही है। हालांकि, इस बात की कोई पुष्टि नहीं हो पाई है। इस आगजनी में स्टोर रूम में रखे पुराने फ्रीज, दवाईयां, खरीद-फरोख्त से जुड़े दस्तावेज, फर्नीचर सहित अन्य सामान पूरी तरह जलकर राख हो गए।

शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे के आसपास जब आसपास के स्टाफ सदस्यों व अन्य ने जब स्टोर रूम से आग की बड़ी-बड़ी लपटें उठती देखी तो तुरंत फायर बिग्रेड को फोन लगाया गया। प्राथमिक रूप से इस आगजनी में लाखों रूप्ए की दवाइयां एवं उपकरण, पूरी तरह जलकर खाक हो गई जिन्हें अस्पताल में मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध करवाया जाता है। आग इतनी भीषण थी कि फायर बिग्रेड से काबू पा लिए जाने के करीब 3 घंटे बाद तक भी स्टोर रूम से धुआं उठता नजर आया। गनीमत यह रही है कि आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई है।

#### तुरंत मौके पर पहुंची एसडीएम, नपाध्यक्ष

आगजनी की सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम निधि भारद्वाज, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, सीएमओ पवन अवस्थी सहित अन्य संबंधित अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और आग को जल्द से जल्द काबू पाने अपने स्तर से तमाम तरह के प्रयास किए।

#### पूरे जिले में यहीं से सप्लाई होती है दवाईयां

जिला अस्पताल के सीएमएचओ कार्यालय से संबद्ध जिस स्टोर रूम में आगजनी की यह घटना हुई है वहीं से जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में दवाईयों, उपकरणों, निडल व अन्य सामानों को डिमांड के आधार पर वितरित करवाया जाता है। ऐसे में समूची दवाईयां जलकर खाक हो जाने से आने वाले दिनों में जिला अस्पताल समेत संबद्ध अन्य सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विभिन्न दवाईयों की किल्लत आने की पूरी संभावना नजर आ रही है।

#### सामूहिक प्रयासों के बाद बुझ पाई आग

स्टोर रूम में लगी आग को बुझाने न केवल फायर बिग्रेड के कर्मचारियों बल्कि स्थानीय युवाओं, अस्पताल के कर्मचारियों व अन्य ने भी भरसक प्रयास किया। समीप से ही जेसीबी मंगवाकर उतने सामान को बाहर निकलवाने का पूरा प्रयास किया गया जो जलने से बच सके। हालांकि, लगभग पूरा समान ही जलकर खाक हुआ है।

#### अभी नुकसान स्पष्ट नहीं...

आगजनी में कितना नुकसान हुआ है इस बारे में फिलहाल स्पष्टतः नहीं बताया जा सकता। स्टोर रूम प्रभारी व संबंधितों से जानकारी लेने के उपरान्त नुकसान की पूरी स्थिति स्पष्ट की जा सकेगी।

- डॉ. शोभा पटेल, सीएमएचओ, राजगढ़

### 1.50 लाख का मशरूका बरामद, आरोपियों का निकाला जुलूस

# नगर पालिका के स्टोर रूम फूलबाग में हुई चोरी का खुलासा, चार शातिर चोर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

बीते दिनों नपा के फूलबाग स्थित स्टोर रूम में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से शत-प्रतिशत मशरूका बरामद कर लिया है, जिसकी कुल कीमत करीब 1 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों का शहर में जुलूस भी निकाला। पुलिस के अनुसार 24 दिसंबर की मध्यरात्रि नपा स्टोर रूम के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा कंप्यूटर सेट सहित अन्य सामग्री चोरी कर ली गई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की छानबीन कर अज्ञात आरोपियो पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चार आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से कंप्यूटर सेट, सीपीयू, मॉनिटर, की-बोर्ड, माउस, 9 चिप, 6 बंडल तार, एक गैस सिलेंडर तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की गई।

गिरफ्तार आरोपियों में विशाल पिता गोकुल कुशवाह, दीपक पिता भंवर कुशवाह, विजय पिता जगदीश कुशवाह तथा अलकेश पिता मोतीलाल सूर्यवंशी, सभी निवासी बलवटपुर शामिल हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों का नगर के प्रमुख मार्गों से जुलूस निकालकर आमजन को अपराधियों के प्रति सख्त संदेश दिया। इस दौरान थाना प्रभारी शिवराज सिंह सहित पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## गागाहोनी शासकीय स्कूल में वीर बाल दिवस मनाया गया

**लखनवास।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्कूल गांगाहोनी में शुक्रवार को वीर बाल दिवस मनाया गया इस अवसर पर गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे पुत्र साहबजादो जोरावर सिंह और फतेह सिंह के जीवन और बलिदान की वीरगाथा से विद्यार्थियों को प्रेरित किया वीर बाल दिवस कार्यक्रम में समस्त शिक्षको एवं छात्र छात्राओं ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया कार्यक्रम के दौरान बच्चों को वीर बाल दिवस के इतिहास साहिबज़ादों के अद्भुत बलिदान एवं उनके साहस धर्म और राष्ट्रप्रेम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई शिक्षको ने बच्चों को वीरता संस्कार एवं देशभक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश दिया प्राचार्य महेश चंद्र शर्मा एवं शिक्षक बृजेश चंद्र शर्मा दिनेश भूरिया मीना यादव उपस्थित रहे।

## अवैध गैस सिलेंडर से भरी पिकअप पकड़ी



**कुरावर।** शुक्रवार सुबह कुरावर के वृंदावन रेस्टोरेंट के पास गैस टंकी से भरी एक पिकअप वाहन पकड़ी गई जिसमें अवैध रूप से रखी 80 भरे गैस सिलेंडर छिपाकर रखे हुए थे। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार व पुलिस मौके पर पहुँचे तथा गैस सिलेंडर सहित पिकअप को जप्त कर लिये। नायब तहसीलदार अंगारिका कनौजिया ने कहा सुचना मिली थी की अवैध रूप सै घरेलु गैस ले जाई रही हैं , जांच की जा रही हैं की वैध हैं या नहीं। स्थानीय निवासी रोहित ने पुलिस को सूचना दी की ग्राम माना में स्थित गैस एजेंसी से रोज हि टंकियों का परिवहन होता है वही अधिकारियों ने पंचनामा कार्रवाई के बाद टंकियां कुरावर गैस एजेंसी को सुपुर्द की गईं। अवैध परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन थाने में जप्त कर जांच की जा रही हैं।

बोडा में गूंजा "गर्व से कहो हम हिंदू हैं

# धर्म ध्वज यात्रा, कलश यात्रा, हिंदू सम्मेलन व सामूहिक सहभोज के साथ आयोजन संपन्न



**ब्यावरा-बोडा।** संगठित हिंदू, समर्थ भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में सकल हिंदू समाज बोड़ा के तत्वावधान में रविवार को नगर में ऐतिहासिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर में धर्म ध्वज यात्रा, विशाल कलश यात्रा, हिंदू सम्मेलन, अतिथियों का सामूहिक उद्बोधन तथा सामूहिक सहभोज आयोजित किया गया, जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबियों, मातृशक्ति एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत विधिविधान से धर्म ध्वज की पूजा-अर्चना के साथ हुई।

इसके पश्चात भव्य कलश यात्रा गांधी चैक से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए नरसिंहगढ़ रोड स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान नगर का वातावरण भगवामय हो उठा और "गर्व से कहो हम हिंदू हैं" के उद्‌घोष से पूरा नगर गूंज उठा। यात्रा में श्रद्धा, उत्साह और गौरव का अद्भुत संगम देखने को मिला। भगवा ध्वजों के साथ निकली इस यात्रा ने यह संदेश दिया कि संपूर्ण हिंदू समाज एक है। "हिंदवः सोदराः सर्वे, न हिंदू पतितो भवेत" जैसे उदात्त विचारों के माध्यम से समता, सुरक्षा, संस्कृति और राष्ट्रहित के प्रति समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया गया। कलश यात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं जल पिलाकर स्वागत किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष निकिता करण जायसवाल द्वारा जेसीबी के माध्यम से पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत-सत्कार किया गया। वहीं अनेक सामाजिक संगठनों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी पुष्प वर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया।

# पूर्व विस प्रत्याशी ने 'हाथी' को छोड़कर थामा कांग्रेस का पंजा



**राजगढ़।** गत विधानसभा चुनावों में विधायक पद के लिए भाग्य आजमाने वाले देव वर्मा सहित विधानसभा अध्यक्ष बनवारी वर्मा ने अपने समर्थकों सहित अंततः कांग्रेस का दामन थाम लिया। गत दिवस जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व केबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह के सम्मुख इन सभी ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व विधायक प्रत्याशी ने वर्मा सहित लखन चौहान, रवींद्र वर्मा, प्रशांत उपाध्याय सहित अन्य बसपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की रीति-नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की है। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक वर्मा, जगदीश सूर्यवंशी, रमेश वर्मा, मुकेश मेघवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

# करनवास हायर सेकंडरी विद्यालय सांसद खेल महोत्सव में रहा विजेता



**ब्यावरा ।** विगत 23 24 और 25 दिसंबर से सांसद खेल महोत्सव राजगढ में आयोजित हुआ जिसमें संपूर्ण ससंदीय क्षेत्र मे करनवास हायर सेकंडरी विद्यालय के छात्र-छात्राएं वॉलीबॉल में छात्र और छात्रा दोनों वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे एवं कबड्डी में उपविजेता रहे साथ ही रेस में पूरे संसदीय क्षेत्र में प्रथम स्थान विजय वर्मा शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय करनवास के रहे, इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य महोदय श्री महेश कुमार यादव जन शिक्षक लाड़ सिंह चैहान, अशोक शर्मा सर एवं विशेष रूप से उनके खेल प्रशिक्षक श्री रविंद्र सिंह तोमर जी और खबीर गोरी सर के द्वारा विद्यालय में सभी छात्र-छात्राओं का माला पहनाकर स्वागत किया गया इस अवसर पर प्राचार्य महोदय के द्वारा छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में खेल हमें अनुशासन एवं जीत की भावना पैदा करता है । इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा। जिसमें वरिष्ठ शिक्षिका का मंजू लता चैहान सीता डॉ अर्चना मेम , नीरा मेम, नीता मेम, मनीषा मैडम, तृषा मैडम, तब्बोसुम मैडम गीतांजलि मेम पूजा मेम जानकी मेम ,अंसारी मेम एवं वरिष्ठ शिक्षक निस्तोर तिर्की, कमलेश दांगी आदि लोग मौजूद थे।

# ओमप्रकाश भाई की दसवीं पुण्य स्मृति दिवस पर किया आयोजन



**ब्यावरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शहीद कॉलोनी सेवाकेंद्र के द्वारा आज 25 दिसंबर 2025 को इंदौर जोन के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक एवं मीडिया प्रभाव के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे । परम श्रद्धेय ओमप्रकाश भाई की दसवीं पुण्य स्मृति दिवस मनाई गई। इस अवसर पर भाई जी की प्रतिमा पर दीप जलाकर माल्या अर्पण किया। तथा ब्यावरा सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने भाई जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एक वरिष्ठ आध्यात्मिक व्यक्तित्व थे, जो नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिकता के माध्यम से समाज सेवा के लिए जाने जाते थे।

# फ्यूचर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ




**सारंगपुर।** नगर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान फ्यूचर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार से दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। आयोजन का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लॉक एजुकेशन अधिकारी सुरेश बीरमाल ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इसके पश्चात विद्यालय का ध्वजारोहण एवं मशाल प्रज्वलन कर खेल महोत्सव की विधिवत शुरुआत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीबीरमाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन को जीवन की सफलता की कुंजी बताते हुए उन्हें एक जिम्मेदार और सफल भारतीय नागरिक बनने की प्रेरणा दी तथा विद्यार्थियों को अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई। संस्था प्रबंधक नितिन परिहार ने बच्चों को खेल भावना के साथ खेल खेलने की सीख देते हुए कहा कि "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है।" उन्होंने खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्राचार्य ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिवर्ष खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है।

### हिन्दू सम्मेलनों की कड़ी में नगर में निकाली गई ध्वज व कलश यात्रा

# 'एक संगत, एक रंगत, एक पंगत' भाव से जोड़ा जा रहा हिंदू समाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर में हो रहे हिंदू सम्मेलन की श्रृंखला में आगामी 2 जनवरी को बड़े हनुमान बस्ती एवं जलपा माता बस्ती का हिंदू सम्मेलन होने वाला है। उसी तो तैयारी को लेकर बस्तियों में ध्वज एवं कलश यात्रा निकाली गई जो बस्ती के जनपद पंचायत स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ होकर बड़ी फील्ड पहुंची जहां सम्मेलन स्थल का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी देवी सिंह सोलंकी ने कहा कि समाज का जागरण ही समाज संगठन एवं समाज परिवर्तन का माध्यम हैं। पंच परिवर्तन के विषय के माध्यम से ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को ह्रास हो सकता है।

हिंदू सम्मेलन की श्रृंखला में महावीर बस्ती एवं शीतला माता बस्ती की ध्वज एवं कलश यात्रा निकाली गई जो परायण चोक प्रांगण से प्रारंभ होकर राजमहल पहुंची। यहां सम्मेलन स्थल का भूमि पूजन किया गया। जहां वरिष्ठ समाजसेवी उदय सिंह चैहान ने कहा कि समाज का एक संगत, एक रंगत एवं एक पंगत में बैठना समय की मांग है। समाज समरस हो, कुटुंभ का प्रबोधन हो, पर्यावरण का संरक्षण हो, स्व के भाव का जागरण नागरिक शिष्टाचार का पालन यही हिंदू सम्मेलन का लक्ष्य है। उल्लेखनीय है कि आगामी जनवरी माह में नगर में तीन सम्मेलन होने वाले हैं। इसके तहत नगर के विभिन्न मोहल्लों में प्रभात फेरिया निकली जा रही हैं वहीं घरों पर भगवा ध्वज लगाए जा रहे हैं।

### हिन्दू उत्सव समिति ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम व राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

# अवैध कब्जे, भूमि विवाद व राष्ट्रीय एकरूप कानूनों की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं एवं राष्ट्रीय स्तर के गंभीर विषयों को लेकर हिन्दू उत्सव समिति सारंगपुर द्वारा राष्ट्रपति महोदया के नाम एक ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में तहसीलदार आकाश शर्मा को सौंपा गया। साथ ही समिति द्वारा राज्य मंत्री गौतम टेटवाल को भी पृथक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में समिति ने नगर में बढ़ रही असामाजिक गतिविधियों, शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों, भूमि विवादों एवं समान नागरिक संहिता सहित अनेक राष्ट्रीय विषयों पर शीघ्र ठोस कार्रवाई की मांग की है। समिति ने अवगत कराया कि नगर के टेंचिंग ग्राउंड के समीप स्थित शासकीय भूमि एवं प्राचीन चिंतामनेश्वर महादेव मंदिर देव कुआं की भूमि पर एक विशेष समुदाय द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। इससे आम रास्ते बाधित हो रहे हैं तथा धार्मिक स्थल की पवित्रता प्रभावित हो रही है। समिति ने मांग की कि उक्त अवैध कब्जों को तत्काल हटाकर सार्वजनिक रास्ते को पुनः सुचारू किया जाए तथा मंदिर की भूमि को सुरक्षित किया जाए। इसके साथ ही समिति ने दशहरा मैदान (सर्वे नंबर 1934, रकबा 4.3670 हेक्टेयर) को हिंदू समाज के नाम दर्ज भूमि बताते हुए उस पर किसी भी प्रकार के पट्टे जारी न किए जाने तथा पूर्व में हुए किसी भी अतिक्रमण को तुरंत हटाने की मांग की।

#### राष्ट्रीय स्तर की प्रमुख मांगें भी रखी

ज्ञापन में राष्ट्रीय स्तर पर भी कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं, जिनमें संपूर्ण देश में मदरसा शिक्षा बोर्ड को समाप्त कर समान शिक्षा व्यवस्था लागू करना,जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करना,संपूर्ण भारत में मुस्लिमों की आबादी जो कि भारत में आज लगभग 20 प्रतिशत कुल जनसंख्या की है अल्पसंख्यक का दर्जा समाप्त किया जाए। जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं। समिति ने प्रशासन से आग्रह किया कि ज्ञापन में उल्लिखित सभी विषयों पर शीघ्र ठोस निर्णय लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए, जिससे सामाजिक संतुलन एवं धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, अशोक साहू, दिनेश सिसौदिया, वैभव पुष्पद, अनिल जैन, गोपाल पाल, कमल राठौर, सतीश राठौर, अमित सक्सेना, संजय शर्मा, जुगल चैहान, मनोज जैन, अमित दुबे, मोहन ईशान, बनारसी गिरजे, मुरलीधर सोलंकी, नवीन रुण्डवाल, राजेश बंसल, अंतरिक्ष पारीक, पवन सोलंकी, अधिवक्ता कोमल शर्मा, कुलदीप टेटवाल,दीपक विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में समिति पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।